# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# लाकडाउन के चलते दुग्ध संघ की हालत हुई पतली

**चिंता**

■दुग्ध संघ को अतिरिक्त दूध खटीमा भेजने को होना पड़ रहा मजबूर

## जिले में दूध की खपत में प्रतिदिन बढ़ रही कमी





**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। जिले में देश व्यापी लाकडाउन के चलते जिले में दुग्ध संघ की हालत दिन प्रतिदिन पतली होती जा रही है। बता दें कि संघ में दूध की आपूर्ति बढ गई है। वही खपत में रोज गिरावट देखने को मिल रही है। वही संघ को अपनी आर्थिक स्थिति बचाए रखने के लिए दूध खटीमा भेजना पड रहा है। जानकारी के मुताबिक जिले में संघ को रोजाना एक लाख से डेढ लाख रूप्ये का नुकसान झेलना पड रहा है। लाकडाउन के चलते जिले में दुग्ध उत्पादों का बाजार गिर गया है।

बता दें कि लाकडाउन के चलते जिले में रहने वाले ज्यादातर लोग अपने गांवों की ओर जा चुके है। ताजा जानकारी के मुताबिक जिले में ऐसे समय में दूध की मांग में रोजाना 1500 लीटर की कमी दर्ज की गई है। जिले में देशव्यापी लाकडाउन के बीच इस समय दुग्ध संघ अपना पूरा उत्पादन भी नही बेच पा रहा है।

दुग्ध संघ को अतिरिक्त दूध खटीमा भेजने को मजबूर होना पड़ रहा है। मगर जो दूध जिले से खटीमा भेजा जा रहा है उसके लिए खटीमा से रोजाना कोई खास डिमांड नही आ रही है। बता दें कि जिले में उत्पादों की बिक्री में आई गिरावट से दुग्ध संघ की आय में प्रतिदिन एक लाख से डेढ लाख तक कमी देखने को मिल रही है। जानकारी के मुताबिक जिले का दुग्ध संघ दोहरी मार झेलने को मजबूर हो रहा है।

देश व्यापी लाकडाउन के चलते जिले में होटल व रेस्टोरेंट बंद होने से दुग्ध संघ को करारा झटका लगा है। जिले में सबसे ज्यादा दुग्ध संघ को फायदा होटल व रेस्टोरेटों से मिलता है। वही जिले में ज्यादातर दूध का उत्पादन करने पाले दूध उत्पादक दुग्ध संघ को दूध देने के बजाए सीधे दूध उपभोक्ताओं के घरों तक पहुचाने में ज्यादा रूचि रख रहे है। बता दें कि जिले में दुग्ध संघ को बाजार न मिल पाना भी एक प्रमुख कारण बना हुआ है।

वही जो जानकारी हाथ लगी है उसके मुताबिक जिले में रोजाना दुग्ध संघ से 6500 प्रति लीटर दूध आ रहा है। वही बाजार की कमी के चलते संघ के उत्पादों में खासा कमी आई है। जिलेमें दुग्ध संघ उत्पादकों को दोहरी मार से रूबरू होना पड रहा है। बता दें कि जिले में आलम यह है कि जिले दुग्ध संघ की हालत रोजाना पतली होती जा रही है।वही ऐसे हालातों में दूध की खपत में कमी आना लाज्मी है।

## न्यूज डायरी

### सीएम पर अभद्र टिप्पणीकरने वाला नशेडी युवक हिरासत में

**संवाददाता** पिथौरागढ। फेसबुक पर बीते मंगलवार की रात मुख्यमंत्री पर त्रिवेन्द्र सिह रावत के खिलाफ ग्राम बडगेरी गणाई गंगोली निवासी नशेडी युवक को आईटी एक्ट की धारा 500a 565 के तहत देर सांय राजस्व निरीक्षक की टीम पकडकर हिरासत में ले आई है। बता दें कि युवक नशे का शौकीन है। वही पूछताछ में उसका नाम नरेन्द्र सिह बताया गया है। जानकारी के मुताबिक युवक के खिलाफ जिलाअधिकारी पिथौरागढ के निर्देश पर मुकदमा दर्ज करते हुए उसको मौके पर गिरफतार कर राजस्व निरीक्षक की टीम ले आई है। बता दें कि युवक पर राज्य के मुख्यमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी करने का मामला दर्ज हुआ है।

### स्वदेश वापसी की लगाई गुहार

**संवाददाता** पिथौरागढ़। नेपाल में फसें दो दर्जन भारतीयों ने स्वदेश वापसी की गुहार लगाई है। बता दें कि इन नागरिकों ने नेपाल और सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को सोशल मीडिया के जरिए अपनी समस्या बताते हुए उनकी स्वदेश वापसी कराये जाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक लाकडाउन के चलते जिले की सीमांत तहसील धारचूला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात रेखा बिष्ट सहित 25 लोग नेपाल सीमा में फंस गये है। बता दें कि येलांग दार्चुला के नेपाल में फंसे हुए है। वही जहां अब तक नेपाल के लोगोंकी स्वदेश वापसी हो चुकी है। वही दूसरी ओर भारत की ओर से अपने लोगों को लाने की पहल नही हो पाई है।

### पार्षद अमिता सिंह रोटी बैंक संस्था की महानगर अध्यक्ष मनोनीत

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 के संकटकाल में बेहतर कार्य करने वाली भाजपा की तेजतर्रार नेत्री व पार्षद अमिता सिंह को रोटी बैंक संस्था के अध्यक्ष हिमांशु पुंडीर ने महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। यहां जारी एक बयान में संस्था के अध्यक्ष हिमांशु पुंडीर ने बताया कि अमिता सिंह कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के चलते लॉकडाउन में जहां क्षेत्र व आसपास के जरूरतमंद लोगों को कच्चा राशन एवं भोजन उपलब्ध करा रही हैं साथ ही पूर्व में भी अनेकों समाजिक कार्य करती आ रही है। समाज के प्रति सच्ची निष्ठा व सेवा का भाव रखने वाली अमिता सिंह जो समाज के प्रति समर्पित एवं क्षेत्र के विकास के लिए एक अलग ही पहचान रखती हैं को संस्था के महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि अमिता सिंह के इस सेवा भाव के कारण उन्हें जनता से विशेष स्नेह सदैव मिलता आ रहा है जिसके चलते उन्हें 20 वर्षों से लगातार वार्ड 36 का पार्षद जनता द्वारा चुना जाता रहा है।



## माताश्री मंगला एवं भोले महाराज ने सीएम राहत कोष में दिए 1 करोड़ 51 लाख

देहरादून। कोविड–19 के दृष्टिगत माताश्री मंगला एवं भोले महाराज ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ 51 लाख रूपये राशि प्रदान की है। बृहस्पतिवार को उन्होंने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को उक्त धनराशि का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से कोविड–19 के खिलाफ लडाई में हम अवश्य जीतेंगे।

# विद्युत उपभोक्ता समस्याओं के चलते दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर

**संवाददाता**

**उपभोक्ताओं के मीटर जंप होने पर हजारों के बिल थमाया**

विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के हजारों विद्युत उपभोक्ता विभागीय अनियमितता कमीशन खोरी व निकम्मेपन की वजह से अपनी विद्युत समस्या यथा बिलों को ठीक कराने, मीटर चेंज कराने एवं मीटर जंप आदि मामले को लेकर दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

नेगी ने कहा कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिलों पर कई माह/वर्षों तक आईडीएफ/ एडीएफ/एनआर इत्यादि प्रदर्शित होने के बाद भी इस मामले में कारवाई नहीं की जाती। बिलों पर प्रदर्शित उक्त संकेतों के बावजूद न तो उनका बिल स्वतः ठीक किए जाने की दशा में कार्य किया जाता है और न ही उनका मीटर बदला जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक उपभोक्ता विभाग के चक्कर काट–काट कर थक नहीं जाता और कई– कई चक्कर काटने के बाद विभागीय मनमर्जी के आधार पर ही उसकी समस्या का बामुश्किल समाधान हो पाता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में उपभोक्ताओं के मीटर जंप होने पर हजारों के बिल थमा दिए जाते हैं, जबकि यह सारा दोष विभाग का होता है, जिसने कमीशन खोरी के चलते घटिया मीटर खरीदे थे।

नेगी ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को हजारों रुपए के बिल थमा दिए जाते हैं, जिसको ठीक कराना आम उपभोक्ता के लिए बहुत मुश्किल होता है तथा गरीब आदमी अपनी दिहाड़ी मजदूरी, काम–धंधे छोड़कर इस समस्या से निजात में लगकर अपना सब कुछ भूल जाता है द्य नेगी ने कहा कि कंपनीध् विभाग का दायित्व है कि बिल पर प्रदर्शित अंकित समस्या का स्वतरू संज्ञान लेकर उसको ठीक करें तथा उपभोक्ताओं को निजात दिलाए। उन्होंने कहा कि मोर्चा शीघ्र ही उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर शासन में दस्तक देगा।

## जरूरतमंदों तक पुलिस के माध्यम से पहुंचाए 325 खाने के पैकेट

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द देहरादून द्वारा लगातार 39 वें दिन 325 खाने के पैकेट हरिद्वार बाई पास पुलिस चौकी के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के सचिव गजेन्द्र भंडारी ने कहा कि समिति लगातार की सेवा करने से आनंद की अनुभूति हो रही है इसके लिए वह हर समय तैयार हैं।

इस अवसर पर समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि समिति लगातार सभी क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह पुनीत कार्य कर रही है जिसमें मातृशक्ति व युवा शक्ति का विशेष सहयोग है और लगातार मातृशक्ति समिति को अपना सहयोग प्रदान कर रही है। उनके माध्यम से भी जरूरतमंदों, असहायों, गरीबों एवं मजदूरों को लगातार भोजन की व्यवस्था पुलिस थाने चौकियों के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 के कारण हुए लॉकडाउन के चलते यह सहायता पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों ने भागीदारी करते हुए समिति के सदस्य के माध्यम से जरूरतमन्दों के लिए सहायता करने की पैरवी की। इस अवसर पर अनेक सदस्य उपस्थित थे।